**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 737**
**दिनांक 07 दिसम्बर, 2023**

**दुर्लभ मृदा-सामग्री का अन्वेषण**

**†737. श्री वी.के. श्रीकंदन :**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) शीघ्र ही केरल-कोंकण बेसिन में दुर्लभ मृदा-सामग्री का अन्वेषण शुरू करने की योजना बना रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केरल-कोंकण बेसिन में तेल और गैस खोज की ओएनजीसी की पूर्व योजना विफल हो गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ओएनजीसी केरल-कोंकण बेसिन में उन उन्नीस कुओं, जिन्हें परित्यक्त कर दिया गया था और जहां शोधकर्ता तेल और गैस प्राप्त करने में विफल रहे थे से लिथियम जैसी दुर्लभ सामग्रियों की तलाश कर रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) जी नहीं।

(ख) ओएनजीसी ने बेसिन में उसे आबंटित सात बेसिन ब्लॉकों के साथ केरल-कोंकण बेसिन में अन्वेषण प्रक्रिया की शुरुआत की। हालांकि, तेल और गैस खोज के संबंध में किसी अन्वेषी सफलता के अभाव में तबसे सभी ब्लॉकों का परित्याग कर दिया गया है।

(ग) और (घ) जी नहीं।

****